कार्यालयः— निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकःशिविरा—माध्य/गुण. तथा प्रशि. अनु./गुण0प्र0/RKSMBK/61186/ 2021—22 दिनांक : 15.03.2023

समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।

समस्त मुख्य जिला षिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र षिक्षा।

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा।

समस्त मुख्य ब्लॉक षिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।

समस्त पीईईओ/यूसीईईओ ।

विषयः— राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम के तहत संचालित आरकेएसएमबीके आकलनों की प्रविष्टि में त्रुटि संशोधन के संबंध में।

प्रसंगः— शासन का पत्रांकः— प.17(1) शिक्षा—1/लर्निंग लॉस/विविध/2022/जयपुर दिनांक 18.10.22 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के अनुरूप लेख है कि "राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम" कार्यक्रम के तहत किये जाने वाले आरकेएसएमबीके आकलनों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन तथा प्रविष्टि के दौरान विसगंति के क्रम में अंक का मिलान कर अद्यतन करने हेतु अंतिम अवसर देते शालादर्पण पोर्टल पर आकलनों अंकों को मिलान कर अद्यतन कर सहीं अंक दर्ज करने के लिए शालादर्पण मॉड्यूल <u>दिनांक 20.03.2023 से 25.03.2023 तक</u> पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। इस हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराऐं :—

1. अंक को अद्यतन करने से पूर्व यह जांच ले कि संबंधित शिक्षक की शालादर्पण पर सब्जेक्ट टीचर मैपिंग सही रूप से की गई है, जिन भी विद्यालयों में किसी भी शिक्षक/शिक्षकों की सब्जेक्ट टीचर मैपिंग अभी तक किसी कारणवश नहीं हो पाई हैं तथा किसी प्रकार का कोई विषय/अन्य संशोधन है तो उन विद्यालयों के लिए दिनांक 18.03.2023, वार- शनिवार तक शाला दर्पण पर सब्जेक्ट टीचर मैपिंग अपडेशन के लिए माडयूल खोला जा रहा है।। अतः जिन विद्यालयों में किसी प्रकार की सब्जेक्ट मैपिंग अपडेट करनी है तो वे शनिवार दिनांक 18.03.23 तक अनिवार्य रूप से अपडेट कर देवें।
2. ऐसे विद्यार्थी जिनका ओसीआर किसी भी कारणवश एप अथवा शालादर्पण पोर्टल पर सही प्रकार से अपलोड नहीं किया जा सका, उन विद्यार्थियों की संधारित ओसीआर शीट की प्रति से जांच कर,प्रश्नों के उत्तर को दोगुना कर, अंकों (प्रत्येक प्रश्न भारांक—2) की प्रविष्टि शालादर्पण पोर्टल पर की जाये।
3. ऐसे विद्यार्थी जिनकी ओसीआर अपलोड की जा चुकी है परन्तु किसी भी कारणवश प्रविष्ट किये गये अंक का मिलान मूल ओसीआर के अनुरूप नहीं हो रहा है, इस स्थिति में भी अंको को बिन्दु संख्या 2 के अनुरूप अद्यतन कर ही करके पोर्टल पर पुनः दर्ज करावें।
4. इसके अतिरिक्त भी अन्य स्थिति में किसी भी कारणवश विद्यार्थी के अंक अपलोड होने से वंचित रह गये है तो भी विद्यार्थियों के अंकों को अद्यतन करें।

उक्त निर्धारित अवधि दिनांक 20 से 25.03.23 के उपरांत् किसी भी अंक प्रविष्टि परिवर्तन अथवा नवीन अंकन नहीं किया जा सकेगा तथा इस हेतु विषयाध्यापक/कक्षाध्यापक तथा संस्था प्रधान स्वयं उत्तरदायी होगें। अतः इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदया, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारं. शिक्षा) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त तथा राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् राजस्थान, जयपुर।

3. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,शालादर्पण, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि आरकेएसएमबीके आकलन–1 तथा 2 कक्षा 3–8 के विषयवार अंक समेकित कर शाला दर्पण पर दिखाए जा रहे है। उसमें अपडेट करने की सुविधा विद्यालय स्तर पर उपलब्ध करवाई जावे तथा विद्यालय के द्वारा अपडेट अंक को पोर्टल पर दिखाया जाने की व्यवस्था करवाने का श्रम करावें।
5. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर ।
6. अतिरिक्त निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
7. उपनिदेशक, शालादर्पण, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि प्रतिलिपि में अंकित बिन्दु संख्या–4 के अनुरूप शालादर्पण मोड्यूल में आवश्यक संशोधन करवाने का श्रम करावें।
8. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी समग्र शिक्षा।
9. संबंधित पी.ई.ई.ओ / यू.सी.ई.ई.ओ / संस्था प्रधान।
10. डाईट प्राचार्य, समस्त जिले।
11. प्रधानाचार्य सादुल स्पोटर्स स्कूल, बीकानेर।
12. मैनेजर गुरूनानक भवन संस्थान, जयपुर।
13. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा, विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
14. रक्षित पत्रावली।

स्टॉफ ऑफिसर
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते